368

पत्रांक 19/ए 3 –15/2025
बिहार सरकार
उच्च शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अजीत कुमार सिंह,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।

पटना, दिनांक– 12/02/2026

विषय :– राधा शान्ता महाविद्यालय, तिलौथू, रोहतास के बी0सी0ए0 एवं बी0बी0ए0 में संबंधन प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के पत्रांक C/375/Estab/2025 दिनांक 11.03.2025 द्वारा राधा शान्ता महाविद्यालय, तिलौथू, रोहतास के बी0सी0ए0 एवं बी0बी0ए0 में 60–60 सीटों के निर्धारण सहित शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए संबंधन दीर्घीकरण/अस्थायी संबंधन प्रदान करने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

उक्त प्रस्ताव के समीक्षोपरान्त तथा विभागीय पत्रांक 1140 दिनांक 18.06.2014 द्वारा व्यवसायिक पाठ्यक्रम के जाँच पत्र के आलोक में विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रश्नगत महाविद्यालय के प्रस्ताव बी0सी0ए0 एवं बी0बी0ए0 में 60–60 सीटों के निर्धारण सहित शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए संबंधन दीर्घीकरण/अस्थायी संबंधन प्रदान करने के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन
ह0/–
(अजीत कुमार सिंह)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–19/ए3–15/2025 –259 पटना, दिनांक– 12/02/2026

प्रतिलिपिः– उप सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/निदेशक, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/प्राचार्य, राधा शान्ता महाविद्यालय, तिलौथू, रोहतास एवं विभागीय आई0टी0 मैनेजर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

12/2/26

सरकार के उप सचिव